खबर संक्षेप

## भुआबिछिया में 25 जुलाई को होगा अध्यक्ष निर्वाचन

**भुआबिछिया।** नगर परिषद भुआ बिछिया जिला मण्डला क्षेत्रांतर्गत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित उप नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत हाल ही में वार्ड क्रमांक 13 में संपन्न हुये चुनाव के पश्चात निर्वाचित पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष चुना जाना हैं। निकाय नगर परिषद भुआ बिछिया में निर्वाचन आयोग एवं जिला प्रशासन मंडला के द्वारा अध्यक्ष निर्वाचन की घोषणा 16 जुलाई 2025 को कर दी हैं ,जिसमें अध्यक्ष निर्वाचन का सम्मेलन दिनांक 25 जुलाई 2025 को समय 11.00 बजे नगर परिषद भुआ बिछिया के सभा कक्ष में किया जाना हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय कलेक्टर मंडला के निर्देशानुसार सोनाली देव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया को उक्त निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी नियुक्ति किया गया हैं, जिसमें अण्ध्यक्ष निर्वाचन 25 जुलाई 2025 को समय 11.00 बजे स्थान- नगर परिषद भुआ बिछिया कार्यालय सभा कक्ष, में नामनिर्देशन पत्र प्रस्तुत किये जाने का समय दोपहर 12:15 से 12:30 बजे तक एवं प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा दोपहर 12:30 बजे से 12:45 बजे तक इसी क्रम में अभ्यर्थी द्वारा नामनिर्देशन पत्र वापसी दोपहर 12:45 से 12:55 बजे तक इसके पश्चात मतदान प्रक्रिया का समय दोपहर 1:15 बजो 2:15 बजे तक मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कि जानी हैं , इसी क्रम में मतदान के पश्चात मतगणना का समय दोपहर 2:15 बजे होना नियत हैं एवं निर्वाचन के परिणामों की घोषण मतगणना के पश्चात किया जाना नियत किया गया हैं।

## बरेला-निवास-डाला क्षतिग्रस्त मार्ग की हुई तत्काल मरम्मत

**मण्डला।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पैकेज क्रमांक एफटीएल 01 अंतर्गत बरेला निवास से डाला तक जाने वाली सड़क पर चेनेज क्रमांक 1800 में वीसीडब्ल्यू बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था। इस क्षति से राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित एजेंसी को तत्काल मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। निर्माण एजेंसी द्वारा निर्देशों के परिपालन में क्षतिग्रस्त मार्ग को तत्काल मरम्मत किया गया, जिससे सड़क मार्ग से आवागमन शुरू हो गया है।

### घुघरी विकासखण्ड की शालाओं में नहीं हैं शिक्षक

# 48 स्कूल भवन जर्जर स्थिति में






*** प्रभारी मंत्री के ऊपर अधिकारी फोड़ रहे ठीकरा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/घुघरी

जिले के शासकीय स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था दिन-ब-दिन चौपट होती जा रही है। खासकर घुघरी विकासखंड में स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां कई स्कूलों में नियमित शिक्षक ही नहीं हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और अभिभावकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

शिक्षकों की कमी को दूर करने के उद्देश्य से बनाई गई स्थानांतरण नीति अब ग्रामीण क्षेत्रों के लिए समस्या बनती जा रही है। अधिकतर शिक्षकों को मुख्यालय के पास की स्कूलों में पदस्थ किया जा रहा है, जहां पहले से ही पर्याप्त संख्या में शिक्षक मौजूद हैं। यहां तक विकास खंड मण्डला शिक्षकों की अधिकता इतनी अधिक है की एक ही स्कूल में एक ही विषय पर 7-8 शिक्षकों की तैनाती कर गयी हैं, जो शासन से बैठे की पगार ले रहे हैं वहीं दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों के स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण घुघरी विकास खंड है। यहां शिक्षकों की बहुत अधिक कमी है। जब इस विषय में अधिकारियों से सवाल किया जाता है, तो जवाब मिलता है कि ये तबादले मंत्री के अनुमोदन से हुए हैं। सवाल यह उठता है कि क्या मंत्री ने स्थानांतरण के पूर्व यह जांच नहीं की कि जिन स्कूलों में शिक्षक भेजे जा रहे हैं, वहां जरूरत भी है या नहीं?

शिक्षा विभाग एवं जनजाति कार्य विभाग की भूमिका भी कटघरे में है कि क्या उन्होंने मंत्री को ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया या नहीं।

विभागीय जानकारी अनुसार जनजाति कार्य विभाग में शिक्षकों पदस्थापना के लिए संलग्नीकरण अभी सांठगांठ से किया जा रहा है। पर जो विकास खंड मण्डला अतिशेष है उन्होंने क्यों नहीं रिक्त पदों वाले स्कूलों में भेजा रहा है?

दूसरी ओर कई शासकीय स्कूल भवन विहीन हैं, और जहां भवन हैं भी, वे जर्जर हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में स्कूलों का संचालन आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक भवनों या किसी निजी मकान में किया जा रहा है। इससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना एक बड़ी चुनौती बन चुकी है।

प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं को मिला कर लगभग 48 स्कूलों के भवन जर्जर हालत में हैं, जिनके संचालन के लिए स्कूलों को इधर-उधर शिफ्ट करना पड़ा है।

वहीं, जिला शिक्षा केंद्र द्वारा कई अधूरे स्कूल भवनों को पोर्टल पर 'पूर्ण' और 'उपयोग में' दिखाया गया है, जो विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अगर इनकी गहन जांच कराई जाए तो जिला शिक्षा केंद्र की कई खामियां सामने आ सकती हैं।

इसके अलावा एक गंभीर विषय यह भी है कि जिले के कई शिक्षकों को विभागीय कार्यालयों में संलग्न कर लिया गया है, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य न कराया जाए। फिर भी शिक्षकों का स्कूल से हटाकर कार्यालयों में पदस्थ किया जाना, शैक्षणिक व्यवस्था को और कमजोर बना रहा है।

अब सवाल यह है कि इन गंभीर समस्याओं का हल कब और कैसे निकलेगा? क्या जिला शिक्षा केन्द्र विभाग और जनजाति कार्य विभाग इन मुद्दों को गंभीरता से लेकर जरूरी कदम उठाएंगे, या फिर गरीब और ग्रामीण बच्चों की शिक्षा इसी तरह उपेक्षित रहेगी?

**विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घुघरी विकासखंड में (यह संख्या घट-बढ़ सकती है)**

प्रा.,शा. - 71 स्कूल एकल शिक्षक पर निर्भर हैं
प्रा.शा. - 18 स्कूल पूर्णतः शिक्षक विहीन हैं
मा.शा. -15 स्कूल एकल शिक्षक पर निर्भर हैं ।
मा.शा.- 12 स्कूल पूर्णतः शिक्षक विहीन हैं।

## माहिष्मती घाट स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग में 17वें वर्ष भी हुआ महा अभिषेक



*** सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से मांगी मनोकामनाएं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सावन मास की पावनता और भगवान शिव की भक्ति का अनूठा संगम एक बार फिर मंडला जिले के प्रसिद्ध माहिष्मती घाट पर देखने को मिला। यहाँ स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग पर विगत 17 वर्षों से परंपरागत रूप से महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी सावन मास के द्वितीय सोमवार को भगवान शिव का भव्य महा अभिषेक संपन्न हुआ। सुबह से ही घाट पर श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। भक्तों ने पूरे श्रृद्धा भाव से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और अपनी मनोकामनाएं अर्पित कीं। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पंडित सुभाष तिवारी द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण और वैदिक विधियों से भगवान शिव की पूजन-अर्चना कराई गई।

### श्रद्धा और भक्ति से भरा रहा दिन

इस विशेष अवसर पर मंडला शहर के प्रमुख शिवभक्तों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। दीपक बैरागी, कुनाल लहेरिया, श्रीमती संध्या शिवहरे, संतोषी सिंगरौरे, चिक्की सिलेवार, अमित देशराज, आकांक्षा, चीकू, रोहित बघेल, ललित, आशु, रघुवंशी, मोनिका चौरसिया, त्रिभुवन नाथ द्विवेदी सहित सैकड़ों श्रृद्धालुओं ने पूजन में सहभागिता कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। घाट पर सुबह से शाम तक पूजा, रुद्रपाठ, भजन-कीर्तन और शिव चालीसा पाठ की मनोहारी प्रस्तुतियों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। भक्तों ने जल, दूध, शहद, दही और घी से रुद्राभिषेक कर शिवलिंग को स्नान कराते हुए आस्था की मिसाल पेश की।

### धार्मिक परंपराओं को सहेजता आयोजन

इस अवसर पर पंडित सुभाष तिवारी ने बताया कि विगत 17 वर्षों से यह महा अभिषेक लगातार सावन मास के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धा और नियमपूर्वक किया जा रहा है। यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए हुए है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों से जोड़ रहा है। मंडला के धार्मिक इतिहास में माहिष्मती घाट का विशेष स्थान है, और यहाँ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग की मान्यता के साथ होने वाले अभिषेक आयोजन न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं बल्कि दूर-दराज़ से आने वाले शिव भक्तों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनते जा रहे हैं।



**मण्डला।** हिरदेनगर शिव मंदिर बर्रा टोला से कांवड़ यात्रा निकाली गई जो सूर्यकुण्ड धाम से माँ नर्मदा का जल लेकर बम-बम भोले की गुंजायमान ध्वनि के साथ भोलेबाबा का जगह-जगह जल अभिषेक करती हुई वापस हिरदेनगर पहुंची तत्पश्चात शिव मंदिर में यात्रा का समापन हुआ।

## भारतीय किसान संघ ने अतिवर्षा से खेतों को छती को लेकर तहसीलदार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**भुआबिछिया।** भारतीय किसान संघ बिछिया के अध्यक्ष जमना यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानो ने द्वारा तहसील कार्यालय बिछिया पहुंचकर क्षेत्र के किसानो को अतिवर्षा से हुए नुकसान को लेकर तहसीलदार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें अतिवृष्टि अत्यधिक वर्षा होने के कारण किसानों के खेत के मेड़ एवं बंधिया टूट फूट गए खार में मिट्टी पुर गई एवं भारी नुकसान किसानों को झेलना पड़ा, जो की इस प्राकृतिक आपदा होने के कारण किसानों को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसका निरीक्षण कर जल्द से जल्द छेत्र के किसानों को राहत पहुंचाई जाए, खाद बीज का जो नुकसान हुआ है उस पर विचार करते हुए खेतों के सुधार के लिए खेत सुधार योजना के तहत राहत पहुंचाई जाएं किसानों के ऊपर आई इस विपदा में एक तरफ खेत के बंधा फूटे और दूसरी तरफ खाद बीज के साथ साथ उनकी डबल मेहनत से किसानों को दोहरा नुकसान हुआ इस पर किसानों के हित में कारगर कदम उठाए जाए जिससे उन्हें राहत मिल सके, वहीं शासकीय गोदामों में सहकारी समितियो में यूरिया डीएपी खाद नहीं मिल रही है समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए।

## नारायणगंज बस स्टैंड से मुख्य मार्ग पर फैला अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



नारायणगंज बस स्टैंड से में रोड एवं जनपद रोड में इस कदर लोगों ने कब्जा जमाया है कि लोगों को निकालने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है बीच रोड में सब्जी के ठेले एवं किनारे पर दुकानदारों ने दुकानों को फैलाकर रखी है जिससे लोगों को निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ता है बस स्टैंड के आसपास सब्जी की ठेला होने के कारण पालतू जानवर का डेरा रहता है जिसके कारण आए दिन घटना होती हैं इस संबंध में बार-बार ग्राम पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों को जानकारी एवं लिखित आवेदन देने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई बार-बार 181 लगाई गई फिर भी कोई कार्रवाई न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जुलाई माह में स्कूल कॉलेज खुलने से मुख मार्ग एवं जनपद रोड में छात्र-छात्राओं को निकलने में परेशानी हो रही है बस स्टैंड में मुख मार्ग पर जानलेवा गडडा होने के कारण चलते हुए लोगों पर कीचड़ एवं पानी की छीटे गिरते हैं इसी मार्ग में सभी अधिकारी का आना जाना होता है पर बंद गाड़ी में शायद उन्हें गड्ढे का आभास नहीं होता है कई बार निवेदन एवं समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया परंतु अभी तक किसी भी प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई सब्जी ठेले वालों के द्वारा बीच रोड में है कचरा फैला कर चले जाते हैं जिससे फालतू जानवर आकर झुंड जमा होती है बस स्टैंड में अवस्था इस तरह फैल गई है कि यात्री प्रतीक्षालय से लेकर मुख मार्ग में अवैध कब्जा ठेले वालों का जमा हुआ है बीच बस स्टैंड में मोटरसाइकिल ऑटो वालों की धमा चौकड़ी सुबह से चालू हो जाती है आए दिन लोगों के सामने पालतू जानवर आकर भीड़ जाते हैं जिससे लोग सड़कों पर गिर रहे हैं अगर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो लोगों को मजबूरी बस ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत में धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगे।



**आयोजन** | **थानों में नशे से दूरी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।**

# नशा निगल जाता है भविष्य, दूरी है जरूरी

*** एकजुट होकर नशे के खिलाफ जागरूक समाज की पहल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नशा केवल एक आदत नहीं, बल्कि भविष्य को निगलने वाली आग है। इसी चिंतन को केंद्र में रखते हुए, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिलेभर में नशे से दूरी है जरूरी विशेष जन-जागरूकता अभियान (15 से 30 जुलाई 2025) के अंतर्गत मंडला जिले में थाना स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों, शपथ समारोहों एवं प्रेरणात्मक संवादों की श्रृंखला चल रही है।

थाना टिकरिया में पुलिस स्टाफ एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों द्वारा शपथ समारोह आयोजित किया गया। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और अपने गांव, मोहल्ले व परिवार में युवाओं को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। थाना प्रभारी ने कहा, ₹अगर आज की पीढ़ी नशे से लड़ेगी, तो कल समाज सशक्त होगा।

थाना खटिया द्वारा ग्राम मोचा की शालाओं में लगभग 180 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में बताया गया। एसडीओपी नैनपुर श्री मनीष राज द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि ₹स्वस्थ शरीर और स्पष्ट सोच ही जीवन की असली पूंजी है, और नशा इन्हें छीन लेता है।₹ इसके बाद सभी ने नशा मुक्ति की शपथ ली।

थाना बिछिया ने बस स्टैंड, उत्कृष्ट महाविद्यालय व विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित कर वाहन चालकों व विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्हें बताया गया कि नशा केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि दूसरों की जान को भी खतरे में डाल सकता है।

थाना नैनपुर के नेतृत्व में अतरिया स्कूल में नशा मुक्ति विषय पर संवाद और प्रेरणा दी गई। थाना प्रभारी बलदेवसिंह मुजालदा एवं शिक्षक श्री नरेश चौधरी ने विद्यार्थियों को उनके जीवन के उद्देश्यों को याद दिलाते हुए कहा – नशा भ्रम है, शिक्षा समाधान है।

थाना बीजाडांडी द्वारा ग्राम कालपी के सीएम राइस स्कूल में छात्रों को बताया गया कि एक विद्यार्थी का सबसे बड़ा कर्तव्य है अपने परिवार और समाज को रोशनी दिखाना। विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे अपने गांव में ₹नशा मुक्त युवा₹ अभियान चलाएंगे।

थाना मवई द्वारा ग्राम परसाटोला में ग्रामीणों को नशे के स्वास्थ्य, सामाजिक और कानूनी परिणामों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही पुलिस विशेष सहयोगी दस्ता भर्ती 2025 की जानकारी दी गई।

मुनू स्कूल में बच्चों को गंभीर बीमारियों व जीवन की बर्बादी के उदाहरण देकर समझाया गया कि कैसे नशा जीवन की गाड़ी को पटरी से उतार सकता है।

### जनभागीदारी से ही बनेगा “नशा मुक्त समाज”

यह अभियान केवल पुलिस, प्रशासन, एक व्यक्ति या समाज की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी का आह्वान है। बच्चों, युवाओं, शिक्षकों, चालकों, ग्राम रक्षा समितियों और हर जागरूक नागरिक को यह समझना होगा कि नशे के खिलाफ लड़ाई घर से शुरू होती है।


**खबर संक्षेप**

## शासन की योजना के तहत कान्हरगांव में छात्र छात्राओं को वितरित की गई साईकिलें



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा का स्तर उठाने के लिये जहां अनेक प्रकार की योजनाये चलाते हुये छात्र छात्राओं को लाभ प्रदान किया जा रहा है। वही दूसरी ओर बच्चों को भोजन, पढ़ाई के लिये पुस्तकों से लेकर स्कूली ड्रेस प्रदान करते हुये सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इतना ही नही दूसरे गांवों से शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र छात्राओं के लिये आने जाने के लिये पूर्णरूप से निःशुल्क साईकिलें भी वितरण की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कान्हरगाँव के शासकीय हाई स्कूल में कक्षा 9 वी के 16 छात्र छात्राओं को मप्र शासन की निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत साईकिलो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पीटीए अध्यक्ष आजाद कौरव ने कहा कि साइकिले मिलने के बाद विद्यार्थियों को स्कूल आने जाने में सुगमता होगी। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती कल्पना कौरव, शिक्षक राजेश कौरव, ग्रामवासियों के अलावा अभिभावक व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## नशे से दूरी है जरूरी मुहिम के तहत चीचली व पलोहा थाना क्षेत्र में निकाली गई जागरूकता रैली



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** पुलिस द्वारा लगातार स्कूली बच्चों एवं नागरिकों के सहयोग से जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नशे से किया जागरूक किया जा रहा है। गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना नशे से दूरी है जरूरी विशेष अभियान के तहत थाना चीचली अंतर्गत उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व थाना प्रभारी संग्राम सिंह राजपूत की विशेष मौजूदगी में पुलिस टीम द्वारा स्कूली बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को बताया गया एवं नशे से दूर रहने की समझाईश दी गयी। इसी प्रकार थाना पलोहा अंतर्गत नशा मुक्ति पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। अभियान के तहत के अन्य थाना क्षेत्रों में भी जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर जनमानस से नशा मुक्त समाज की दिशा में सशक्त योगदान देने हेतु अपेक्षा जताई गई।

## ब्राण्डेड कंपनी के मिलते जुलते सामानों की आई बहार, आमजन की जिन्दगी को बन रहा खतरा?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मार्केट में इन दिनों डिब्बा बंद खाद्य पदार्थो की मांग खासी बढ़ गई है। क्योंकि खुले समान में शुद्धता की गारंटी नहीं होने और स्वास्थ्य पर पड़नें वाले प्रभाव के चलते लोग पैक आईटम की ओर आकर्षित होने से नही चुक पा रहे है, इसके चलते बाजार में नामी गिरामी कंपानियों की विभिन्न वैरायटी के प्रोडक्ट आ रहे है जो बच्चों से लेकर बड़ो तक की पसंद बन गए है। मगर गौर किया जावे तो बाजार में कंपनियों से मिलते जुलते ब्रांडों की भी बाढ आई हुई है, यह सेहत पर क्या असर डालेंगे। इस बारे में न तो दुकानदार जान रहा है और न ही खाद विभाग को इतनी फुर्सत है कि इनकी जांच करें? बस दुकानदार तो कमीशन अधिक होने के फेरे में इन्हे बेचने में रूचि दिखाते हुए दिखाई दे रहे है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में दिखाई देने लगी है? अक्सर देखा जाता है कि बिना आई एस आई मार्क के भी प्रोडक्ट मार्केट में खुलेआम बेचे जा रहे है जो हानि कारक बताये जाते है? मगर ग्राहकों की जागारूकता के अभाव के चलते एवं दुकानदार लालच के चक्कर में असली की सूरत में नकली कंपानियों के समान बेचते हुए आसानी से दिखाई देते हुए जान पड़ रहे है..?

# सावन के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में दिन भर उमड़े श्रद्धालु, डमरू घाटी पर दिखाई दिया मेले जैसा दृश्य तो मंदिरों में घंटी के आवाज से शिवमय हुए ग्रामीण अंचल











**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

भगवान शिव को समार्पित हिन्दू धर्मावलंबियो के पवित्र सावन माह के चलते इन दिनो समूचे शहर से लेकर गांव यानि की पूरे क्षेत्र में श्रद्धा,आस्था, भाक्ति की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। जहां एक ओर जहां नगर के मंदिरो में अंखड रामायण पाठ, शिव चालीसा पाठ के आयोजन जहां सतत जारी है। वही दूसरी ओर श्रद्धालु शिव भक्ति में बेसुध होकर शिव की आराधना में लीन नजर आ रहे है। इस तरह चारो ओर बह रही धर्म की गंगा का सैलाव उमड़ने के चलते लोगों द्वारा अपने घरो में भी शिव लिंगों का निर्माण करते हुए जहां उनका पूजन किया जा रहा है। वही दूसरी ओर शहरों से लेकर गांव गांव शिव मंदिरों में लगातार घरो घर सहित नगर के शिव मंदिंरों में शिव अभिषेख का आयोजन भी चल रहे है। इसी के चलते कल श्रावण माह के दूसरे सोमवार को नगर के रेलवे स्टेशन, सिंचाई विभाग परिसर, इंदिरा कालोनी ,शक्कर नदी के छिड़ावघाट, विजय कालोनी, नर्मदा कालोनी, चंद्र केशर कालोनी, पुराने बस स्टेण्ड, महिलाओं सहित किशोरियों व युवाओं ने पहुँचकर भगवान शिव का पूजन, जलाभिषेख कर उनसे अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति का वरदान मॉगा। वही दूसरी ओर सावन मास के दूसरे सोमवार को समीपस्थ माँ नर्मदा जी के तट ककरा घाट पर भीड़ का आलम देखने मिला जहां पर अनेक शिव भक्तों ने माँ नर्मदा जल लेते हुये शिवजी को अर्पित करने के लिये कावड़ यात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई जो ककरा घाट से नर्मदाजी का निर्मल नीर लेकर शुरू होने के बाद सैकड़ो बावड यात्री पैदल चलते हुये गाडरवारा के लिये रवाना हुये। बताया जाता है कि अनेक जगहों से पहुंचे हुये शिव भक्तों द्वारा आयोजित की गई इस काबड यात्रा में शिवजी की आराधना में लीन नजर आये। वही दूसरी ओर अनेक भक्त गण भगवान भोलेनाथ के धाम डमरूघाटी पहुंचे जहां पर भगवान भोलेनाथ को माँ नर्मदा से लाया हुआ जल अर्पित करते हुये पूजन अर्चन किया गया। इस प्रकार से इस प्रकार से चल रहे सावन मास के दूसरे सोमवार को काफी लम्बे अंतराल के बाद विशेष योग में जो त्रिवेणी संगम हुआ है वह निश्चित काफी पुण्य लाभ वाला बताया जात रहा है। इसी के चलते सावन मास के दूसरे सोमवार को शिवधाम डमरूघाटी में जहां मेला जैसा नजारा देखने मिला। वही शहर ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र में प्रसिद्व माने जाने वाले भव्य डमरूघाटी शिवधाम में सावन के दूसरे सोमवार पर घरो में ब्रत रखने वाली महिलाएॅ, शिव भक्तों ने हजारो की संख्या में जाकर भगवान भोलेनाथ का पूजन, रूद्राभिषे कर भोलेनाथ की जयकार से डमरूघाटी को गुंजायमान कर दिया। वही शिव की भक्ति में लीन शिव भक्त भी भगवान शिव जी के चरणों में नमन करने से नही चूक रहे थें। इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम कान्हगाव सांई मंदिर में चल रहे पवित्र माह सावन के दूसरे सोमवार को ग्रामीण महिलाओं द्वारा रूद्री निर्माण करते हुये बडी ही आस्था के साथ उनका पूजन हवन व अभिषेख किया गया। इसी प्रकार से श्रावण मास की द्वितीय सोमवार को गाडरवारा नगर के गौ भक्तों के द्वारा सनातन धर्म ग्रंथों में वर्णित गाय की महिमा के ज्ञान सर्वदेवमय गौमाता अर्थात भगवती गौमाता में सभी तैंतीस कोटि देवता निवास करते हैं और गाय को हमारे द्वारा जो भी अर्पित किया जाता है वह उसके अंदर समाहित सभी तैंतीस कोटि देवता ग्रहण करते हैं। इस धर्म ग्रंथों के ज्ञान को चरितार्थ करते हुए नगर के गौभक्तों ने गौ प्रतिष्ठा संकल्प के कावड़ यात्रा निकाली गई जिसका प्रमुख उद्देश्य भगवती गौमाता की महिमा और उसकी प्रतिष्ठा के बारे में जनमानस में जन जाग्रति करना है। इसी के चलते गौभक्तों के द्वारा प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में गाडरवारा नगर से 15 किलोमीटर स्थित मॉ नर्मदा के तट ककराघाट पर पहुंच कर विधि विधान से मॉ नर्मदा जी की पूजा-अर्चना कर कांवड़ में मॉ नर्मदा जी के निर्मल जल को भरकर, जय गौमाता राष्ट्र माता के उद्घोष के साथ नंगें पांव पैदल चलते हुए गोधाम पहुंचकर, भगवती गौमाता गोधाम में जिस पात्र में जल ग्रहण करती है , उस पात्र में कांवड़ का जल अर्पित किया और विधिवत गौमाता की पूजा आर्चना,आरती और प्रसाद अर्पित कर गौभक्तों ने गौमाता और उनके अंदर विराजमान सभी तैंतीस कोटि देवता के प्रति अपनी श्रृद्धा का भाव प्रकट कर देश की खुशहाली की कामना की तत पश्चात गोधाम से गौमाता का अमृत (दूध) को कांवड़ में भरकर डमरू घाटी शिवधाम जाकर भगवान शिव का उस अमृत दूध से अभिषेक पूजन कर भगवती गौमाता को संवैधानिक राष्ट्रम ाता की प्रतिष्ठा हेतु प्रार्थना कर की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से रत्नेश मिश्रा, रानी देवी हरदेनिया गौ विधायक तेंदुखेडा , पं महेंद्र भार्गव गौ सेवक, लोकेश पटेल, सोनू सोनी, राकेश कुशवाहा,लकी सोनी, आशीष गुप्ता, मनोज अवस्थी,अमित कहार सहित बड़ी संख्या में गौ प्रतिष्ठा कांवड़ यात्रा में सनातन धर्मावलंबी सहभागी बनें।। इस तरह सावन मास के दूसरे सोमवार को जहां नगर में शिव भक्ति में लोग लोगों के अनेक प्रकार के नजारे देखने मिले तो पूरा क्षेत्र शिवमय होते हुये देखा गया।

## राजस्व न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यों के सम्पादन हेतु पृथक- पृथक राजस्व तहसील स्तर अधिकारियों की गई नियुक्ति, जिला कलेक्टर ने जारी किये आदेश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शासन के राजस्व विभाग द्वारा राजस्व न्यायालयीन कार्यों एवं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए पृथक- पृथक राजस्व अधिकारियों की पदस्थापना के लिए निर्देश जारी किये हैं। इन निर्देशों के परिपालन में जिलां कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने तहसीलदार/ अधीक्षक भू- अभिलेख/ नायब तहसीलदार/ सहायक अधीक्षक भू- अभिलेख को तहसील के राजस्व न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यों (कार्यपालिक मजिस्ट्रेट) के सम्पादन के लिए पदस्थ करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार तहसील गाडरवारा के अंतर्गत तहसीलदार गाडरवारा व नायब तहसीलदार सिहोरा/ करपगांव हेतु तहसीलदार सुश्री प्रियंका नेताम को और तहसील सांईखेड़ा के अंतर्गत तहसीलदार सांईखेड़ा व नायब तहसीलदार देवरी हेतु प्रभारी तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। इसी तरह तहसील गाडरवारा के अंतर्गत थाना गाडरवारा व थाना चीचली हेतु नायब तहसीलदार श्रीमती चंदन तिवारी को एवं थाना डोंगरगांव हेतु सहायक अधीक्षक भू- अभिलेख गिरीश धुलेकर को अपने कार्य के साथ- साथ और तहसील सांईखेड़ा के अंतर्गत थाना सांईखेड़ा हेतु नायब तहसीलदार पारसनाथ मिश्रा को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं गैर न्यायालयीन कार्य के लिए उत्तरदायित्व सौंपा गया है। जिला कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि तहसीलदार/ नायब




तहसीलदार जो राजस्व न्यायालय का कार्य सम्पादित कर रहे हैं, वे सभी अनिवार्यतः प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक राजस्व न्यायालय का कार्य नियमित रूपप से सम्पादित करेंगे। कलेक्टर की अनुमति के बगैर कार्य से अनुपस्थित नहीं रहेंगे। जिले में पदस्थ राजस्व अधिकारी जो न्यायालय का कार्य सम्पादित कर रहे हैं। वही प्रत्येक दिवस राजस्व न्यायालयीन कार्य हेतु उपस्थित आर.सी.एम.एस. के माध्यम से **e-punching module** के अंतर्गत सम्पादित करेंगे। बिना अनुमति के अनुपस्थित पाए जाने की दशा में कलेक्टर को सूचना दे सकेंगे तथा अनाधिकृत अनुपस्थिति की दशा में कलेक्टर डाईस- नॉन कार्यवाही प्रस्तावित कर सकेंगे। उक्त प्रक्रिया का मूल उद्धेश्य राजस्व न्यायालय का कार्य कर रहे अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाना तथा राजस्व न्यायालय के प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण किया जाना है। जारी आदेश के अनुसार बताया जाता है कि गैर न्यायालयीन तहसीलदार/ नायब तहसीलदार के अनुपस्थित रहने पर अथवा विशेष परिस्थितियों में जिला मजिस्ट्रेट के लिखित आदेश पर ही गैर न्यायालयीन कार्य, संबंधित क्षेत्र के न्यायालयीन तहसीलदार/ नायब तहसीलदार द्वारा किए जाएंगे। क्षेत्र में पदस्थ राजस्व अधिकारी जो कि राजस्व न्यायालय के कार्यों को सम्पादित कर रहे हैं, ऐसे राजस्व अधिकारियों को विशेष परिस्थितियों जैसे दंगों में शांति व्यवस्था बनाने, विस्फोटक दुर्घटना, सड़क दुर्घटना एवं कोई बड़ी जनहानि या प्राकृतिक आपदा अथवा जिला कलेक्टर के मतानुसार आवश्यक होने की स्थिति में न्यायालयीन कार्यों के साथ- साथ संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा लिखित आदेश से एवं एक निश्चित समयावधि के लिए प्रदान किया जा सकता है। उक्त कार्यों के सम्पन्न होने के पश्चात उन्हें अपने राजस्व न्यायालय से संबंधित मूल कार्य करने होंगे। वही दूसरी ओर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक व सहायक भू- अभिलेख को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हेतु थानों का भी आवंटन किया गया है। यह आदेश जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पदस्थ समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक व सहायक भू- अभिलेख को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की हैं। इसके अलावा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को थानों का आवंटन किया गया है। यह आदेश राज्य शासन के राजस्व विभाग के आदेश तथा मंत्री परिषद आदेश के अनुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2025 के तहत जारी किया है। आवंटित किये गये थानों के तहत तहसील क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत नायब तहसीलदार श्रीमती चंदन तिवारी को थाना गाडरवारा व थाना चीचली एवं सहायक अधीक्षक भू- अभिलेख गिरीश धुलेकर को थाना डोंगरगांव और सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत नायब तहसीलदार पारसनाथ मिश्रा को थाना सांईखेड़ा आवंटन किया है।

## घटना के 24 घंटे बाद गरधा के समीप मिला शक्कर नदी में डूबे हुये किशोर का शव, पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले को लिया जांच में





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जिस प्रकार से युवाओं से लेकर किशोरो में मोबाईल के माध्यम से रील बनाने का जुनून छाया हुआ है वह अब निश्चित तौर घातक बनने से नही चूक रहा है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये रविवार को नगर में उस समय देखने मिली जब तीन किशोर शक्कर नदी के किनारे मोबाईल से रील बनाने के लिये गये हुये थें इस दौरान एक किशोर रील बनाने के बाद नदी में नहाते वक्त गहरे पानी में डूब जाने के चलते उसका शव घटना के लगभग 24 घंटे बाद गाडरवारा से नीचे ग्राम गरधा के पास पाया गया। घटना के संबंध में मृतक किशोर के साथियों द्वारा अपनी जानकारी में बताया कि नीतेश पिता नारायण कोरी उम्र लगभग 17 साल हम सभी लोग गाडरवारा केकरा मार्ग डमरू घाटी के पीछे एकांत जगह पर मोबाईल रील बनाने के लिये गये हुये थें। इस दौरान नीतेश ने बोला की नहाने की इच्छा हो रही है तो हम लोगों ने मना कर दिया गया मगर वह नही माना और नहाने लगा। नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के बाद वह डूब गया। इस प्रकार से घटित हुई घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर पुलिस पहुंची और शक्कर नदी में डूबे हुये किशोर की खोजबीन स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से कराई गई मगर डूबे हुये किशोर का कोई पता नही चल पाया था। इस तरह रविवार को शाम होने के चलते खोता खोरों द्वारा खोजने का कार्य बंद कर दिया गया था। घटना के दूसरे दिन यानि की सोमवार की सुबह जिला मुख्यालय से आई टीम व स्थानीय टीम द्वारा शक्कर नदी में डूबे हुये किशोर को खोजने की फिर मुहिम चालू की गई। इस तरह घटना के लगभग 24 घंटे बाद नदी में डूबे हुये नीतेश का शव गाडरवारा से नीचे ग्राम गरधा के समीप शक्कर नदी में पाया गया। वही घटना के संबंध में जानकारी देते हुये टीआई विक्रम रजक ने बताया है कि नदी में डूबे हुये किशोर को घटना के बाद से ही गोताखोरी की टीम द्वारा खोजबीन की जा रही थी। दूसरे दिन यानि की सोमवार को समीपस्थ गरधा के पास डूबे हुये किशोर को खोजने में स्थानीय व जिला मुख्यालय से आये गोताखोरो की टीम ने सफलता प्राप्त की गई। वही पुलिस ने नदी में डूबने से मृत हुये किशोर के शव का पंचनामा बनाने के बाद मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है।

# मूंग विक्रय करने के लिये किसानों की लगी लम्बी लाईन नगर में जहां तहां खुदे हुये गड्डो में पलट रहे ट्रेक्टर ट्राली








**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस समय नगर सहित क्षेत्र के वेयर हाऊस सहित शासन द्वारा निर्धारित किये गये केन्द्रो पर किसानों की गर्मी सीजन की मूंग का समर्थन मूख्य पर खरीदी का कार्य चल रहा है। मगर जहां कुछ केन्द्रो से किसानों की मूंग की गुणवत्ता को लेकर कैसिंल किये जाने की तो कुछ केन्द्रो से सर्वेयर द्वारा पैसों की मांग किये जाने की शिकायते भी मिल रही है..? इस तरह लक्ष्मी पूजा के भरोसे चल चल रही मूंग खरीदी के कार्य की सच्चाई सरकार द्वारा किसानों को लाभ पहुंचाने की सोच पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है..? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि अपने खून पसीने की कमाई को विक्रय करने के लिये किस तरह की मुश्बिलों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है इस सच्चाई के नजरे नगर में देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि नगर की कृषि मंडी के पास बनाये गये खरीदी केन्द्र में मूंग विक्रय करने के लिये आये हुये किसानों के ट्रेक्टर ट्राली की लाईने मंडी से लेकर पलोटन गंज तक लगी हुई देखी जा रही है। इस प्रकार से सड़क किनारे अपनी मूंग का विक्रय करने के लिये खड़े हुये अनाज पैदा करते हुये सभी का पेट भरने वाले अन्नदाताओं को जिस प्रकार से दुकानदारों के कोप का शिकार होते हुये देखा जा रहा है वह निश्चित चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहा है..? जहां एक ओर यह दुकानदार अपनी दुकानों को फैलाते हुये शासकीय भूमि पर स्थाई रूप से अतिक्रमण जमाये हुये है। मगर मजबूरी के चलते यदि अन्नदाता किसानों के ट्रेक्टर उनके दुकानों के सामने खड़े हो रहे है तो वह उन्हें हटवाने के लिये अपशब्दों का उपयोग करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है..? इतना ही नही नगर में नर्मदा जल योजना हो या फिर टेलीफोन कंपनियों द्वारा सड़क किनारे खुदाई करते हुये चैम्बरों को जिस तरह ढांका गया है। वह रात के समय मूंग से लदे हुये ट्रेक्टर चालकों को नजर नही आने की स्थिति में जब उनके ऊपर ट्रेक्टर ट्राली चढ़ जाते है तो वह पलटने से नही चूक रहे है। इस प्रकार मूंग से भरे हुये ट्रेक्टर ट्राली पलटने के चलते किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये रविवार को उस समय देखने मिली जब नगर के टीव्हीएस शोरूम के पास मूंग से लदा हुआ ट्रेक्टर ट्राली का चाक एक चैम्बर में चलने जाने के कारण पलट गया और किसान द्वारा खून पसीना एक करते हुये तैयार की गई मूंग वही पर बिखर गई। इस तरह गर्मी के दिनों में तेज तपन का सामना करते हुये तैयार की गई मूंग को अब बारिश के दिनों में विक्रय करने के लिये किस तरह किसानों को रात रात भर लाईन में खड़ा रहते हुये विक्रय किया जा रहा है यह सच्चाई एयर कन्डीशन में बैठने वाले अधिकारी व नेतागण आसानी से नही समझ पायेगे..?

## रोटरी क्लब ने स्कूली बच्चों को प्रदान की गई शिक्षण सामग्री

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय शासकीय गंज प्राथमिक शाला (क्लब द्वारा गोदित शाला) में रोटरी क्लब के सौजन्य से एक प्रेरणा दायक कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम नन्हे विद्यार्थियों के प्रवेश उत्सव के साथ-साथ उन्हें स्वच्छता, हाथ धोने की कार्यशाला ,स्वास्थ्य और पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। बताया जाता है



कि कार्यक्रम में सर्व प्रथम प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का पूजन कर रोटेरियन द्वारा सभी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्य डॉक्टर उमाशंकर दुबे ने बच्चों को हाथ धोने का सही तरीका सिखाने के साथ उन्हें इन महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। वही नवीन शिक्षण सत्र 2025 _26 के लिए सभी छात्रों को रोटरी क्लब के माध्यम से स्टेशनरी एवं लेखन सामग्री प्रदान की गई। इस विशेष अवसर पर, सहायक संचालक शिक्षा सुश्री सीमा डोंगरे ने कहा कि रोटरी क्लब ने बच्चों के हित में जो कार्य किया हैं वह अनुकरणीय हैं। रोटरी क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू ने कहा की क्लब द्वारा सदैव समाजसेवा से जुड़े कार्य हमेशा किये जाते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रतुल इन्दुरख्या सर, प्राचार्य सुशील शर्मा एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने बच्चों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षा समिति के अध्यक्ष रोटेरियन अमित पटेल ने किया। वही कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब के सचिव मनोज वसा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब असिस्टेंट गवर्नर अशोक राजपूत, पूर्व असिस्टेंट गवर्नर डॉ दुबे , मनीष जायसवाल ,मोनू बड़कुर,प्रियंक सोनी, नीलेश साहू सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# CMHO से विभागीय कर्मचारियों की आय से अधिक संपत्ति का जांच प्रतिवेदन तलब, CM हेल्पलाइन में लापरवाही पर तहसीलदार को नोटिस जारी

- कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक सम्पन्न
- नवीन विद्यालय भवनों का 7 दिवस के अन्दर लोकार्पण कराकर संचालित करने के निर्देश

**कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन समीक्षा की गई।**



हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही समय पर पहुंचे। उन्होंने अवैध मरम्मत/अनुकरण/ परिवहन की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही की जानकारी ली। डुप्लिकेट और समय पर ई-केवाईसी से संबंधित प्रगति पर विभागीय समीक्षा की। पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, बीज-खाद वितरण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। और राजस्व एवं वन अधिकार पत्रकों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के रकबे की गिरदावरी एवं समय संबंधित केन्द्रों के संचालन की स्थिति पर चर्चा की। लंबित पत्रों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला प्रबंधक सिविल सप्लाईज डिंडौरी को समय सीमा में मिलिंग का कार्य करने के निर्देश दिए। ताकि खाद्य सामग्री वितरण में किसी प्रकार की आम जनता को असुविधा न हो। अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले विद्यालय, शाला में छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के साथ प्रवेश दिलाने में विशेष ध्यान दें। ताकि कोई भी छात्र स्कूल से वंचित न हो सके।

कलेक्टर ने जिले के विद्यालय-शालाओं की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी को नवीन विद्यालयों का 7 दिवस के अन्दर लोकार्पण कराकर पुराने विद्यालय से नवीन भवन में छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाकर संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ लोक सेवा प्रबंधक, सीएम हेल्पलाइन की मॉनिटरिंग में लापरवाही करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार नायब तहसीलदार करंजिया को सीएम हेल्पलाइन की प्रगति में लापरवाही करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अन्य पिछडा वर्ग एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को छात्र-छात्राओं को समय सीमा के अन्दर छात्रवृत्ति वितरण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ जिला कोषालय अधिकारी व समिति के सदस्यों को अनियमितता से संबंधित लंबित जांच प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विभागीय कर्मचारियों की आय से अधिक संपत्ति का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मध्यप्रदेश सडक प्राधिकरण की सडक करंजिया से कबीर चबूतरा के बीच शासन के निर्धारित मापदंड के अनुसार नहीं बनाई गई। ऐसा समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसपर एसडीएम बजाग को निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन तैयार करने को कहा।

जिला आबकारी अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी मुख्य मार्गों पर लगातार समय-समय पर परिवहन चैक करने को कहा और अवैध रूप से शराब और मादक पदार्थों के विक्रय केन्द्रों पर लगातार छापामार कर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर परिषद सीएमओ को नगर में समग्र आईडी ईकेवायसी एवं अन्य कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने समस्त जनपद पंचायत सीईओ को सीएम हेल्पलाइन तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए। जिन अधिकारियों की सीएम हेल्पलाइन समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय अधिकारी को सर्पदंश के उपचार हेतु दवा सभी स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। और जिस स्वास्थ्य केन्द्र में सर्पदंश के मरीज को समय पर इलाज न करने एवं कार्य के प्रति लापरवाही करने वाले आशा, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने फार्मर रजिस्ट्री में समस्त तहसीलदार को प्रगति लाने के निर्देश दिए। लापरवाही बरतने वाले पर कार्यवाही जाएगी। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने लंबित कार्यों की समय-सीमा तय कर उन्हें प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ भूअर्जन, राजस्व वसूली, अतिक्रमण हटाने, वनाधिकार पत्र वितरण की कार्यवाही, पूर्ण करने को कहा। इसी के साथ समस्त तहसीलदारों को गरीब राशन कार्ड धारकों की खाद्य सामग्री एवं अवैध रूप से विक्रय करने वाले शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर छापामार कर संबंधित कर्मचारी अधिकारी पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के समस्त बस्ती रोड पर नल जल योजना के तहत रोड, सडक, रास्ते को खोदकर गड्ढे हो गए, जिससे बरसात में आवागमन प्रभावित होने एवं गड्ढों को पूरा न करने पर जल निगम के संबंधित अधिकारी की लापरवाही पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों के द्वारा ई-ऑफिस नहीं संचालित की है या कर नहीं रहे हैं। उन्हें ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करने हेतु निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### अर्द्ध घुमंतू समुदाय के विद्यार्थियों को सीड योजना के तहत प्रदान की जाएगी नि:शुल्क कोचिंग

**अनूपपुर।** शासन द्वारा विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू समुदाय के विद्यार्थियों के लिए सीड योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं यूपीएससी, एमपीपीएससी, आरआरबी, क्लैट, जेईई, नीट, सीएटी, सीएमएटी, एनडीए आदि की पूर्व तैयारी हेतु नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। योजना के तहत नि:शुल्क ऑनलाईन और रूम कोचिंग के लिए पात्र विद्यार्थी 03 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए डीएनसी, एनसी या एसएनसी श्रेणी से संबंधित ऐसे छात्र-छात्राएं जो कक्षा 12वीं उत्तीर्ण कर चुके हों या वर्तमान में अध्ययनरत हैं और परिवार की वार्षिक आय आठ लाख रू से अधिक ना हो, वह विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले विद्यार्थी किसी अन्य सरकारी योजना से समान लाभ प्राप्त ना कर रहे हों। कोचिंग शुल्क हेतु अधिकतम 1,20,000 रू की राशि प्रदान की जाएगी। आवेदन हेतु आवेदक के पास आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, वर्तमान क्लास का प्रमाण, पिछली कक्षा का रिजल्ट, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक और एनटी या डीएनटी प्रमाण पत्र होना जरूरी है। विद्यार्थी को वेबसाईट पर आवेदन करना होगा।

### एक बगिया मां के नाम के चयनित हितग्राहियों तथा पंचायत अमले की ग्राम मनौरा में आयोजित हुई कार्यशाला

**अनूपपुर।** राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मनरेगा के माध्यम से ''एक बगिया मां के नाम'' परियोजना अंतर्गत फलदार पौधरोपण का कार्य प्रदेश में 15 अगस्त से अभियान के रूप में शुरू होगा, जो 15 सितम्बर तक चलेगा। ''एक बगिया मां के नाम'' परियोजना के अंतर्गत आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों की ऐसी महिला सदस्य जो फलदार पौधरोपण करने की इच्छुक चयनित कर संबंधित ग्रामों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक की कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत मनौरा में आयोजित किया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायत जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह, जिला पंचायत के मनरेगा परियोजना अधिकारी राघवेन्द्र पटेल, आजीविका मिशन के जिला परियोजना समन्वयक शशांक प्रताप सिंह, उद्यान विस्तार अधिकारी, मनरेगा के सहायक कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में शिप्री सॉफ्टवेयर से स्थल, प्रजाति, पौधरोपण समय की उपयुक्तता निर्धारण, स्वसहायता समूह की महिला सदस्यों की स्वयं परिवार की 0.5 से 1 एकड़ की भूमि पर फलोद्यान का विकास, हितग्राही चयन, लक्ष्य, जलकुण्ड, पौधरोपण की सुरक्षा, निगरानी आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई।

### बीते 24 घंटे में जिले में 4.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 4.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र बिजुरी में 2.6, जैतहरी में 22, वेंकटनगर में 1, पुष्पराजगढ़ में 2.4, अमरकंटक में 3.8 तथा बेनीबारी में 2.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर तथा कोतमा में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### जिले में ''नशे से दूरी है जरूरी'' अभियान 30 जुलाई तक चलेगा

**अनूपपुर।** नशीले पदार्थों का सेवन एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो व्यक्ति, परिवार और समाज को प्रभावित करती है। यह न केवल व्यक्तियों के स्वास्थ्य को खतरे में डालती है, बल्कि अपराधों में वृद्धि का भी एक प्रमुख कारण है। इस गंभीर समस्या से समाधान के लिए और एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु ''नशे से दूरी है जरूरी''नशामुक्ति जनजागृति अभियान पूरे मध्यप्रदेश के साथ ही अनूपपुर जिले में 15 जुलाई से प्रारंभ हो गया है। यह नशा मुक्ति अभियान 30 जुलाई तक चलेगा। जिसमें नशा पीड़ित व्यक्तियों को पुर्नवास की व्यवस्था करते हुए उन्हें नशामुक्त बनाया जाएगा। साथ ही जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों सहित विभिन्न संस्थानों में नशामुक्त से संबंधित सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उप संचालक कृष्ण कुमार सोनी ने दी है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न



डिंडौरी ।

कलेक्टर की अध्यक्षता में कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता एवं आत्मा सहित अन्य विभागों की विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई और अधिकारियों को दायित्वों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें चंद्रपाल सिंह सैयाम सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग, अभिलाषा चौरसिया उपसंचालक (कृषि विभाग), डॉ. नेहा धुरिया (परियोजना संचालक आत्मा विभाग), शिद्धेश्वर सिंह मर्शकोले सहकारिता विभाग, जे.पी. द्विवेदी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का प्रारंभ उद्यानिकी विभाग की समीक्षा से की गई जिसमें कलेक्टर द्वारा गुलाब की खेती की जानकारी लेते हुए सहायक संचालक उद्यानिकी को गुलाब की खेती, उत्पादन एंव विपणन करने हेतु निर्देश दिए। प्लास्टिक मोल्डिंग के लाभों की जानकारी दी गई तथा जैविक खेती के लक्ष्य वरिष्ठालय से मांगने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सहायक संचालक उद्यानिकी को विभागीय योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति हेतु निर्देश भी दिए गए। सहकारिता विभाग को एम.टी, एल टी, ऋण वितरण हेतु प्रकरण जो शेष है उन्हें पूर्ण करने और नवाचार अंतर्गत कोदो - कुटकी प्रोसेसिंग यूनिट के डीपीआर की पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक बेहतर करने के निर्देश दिए। आत्मा परियोजना अधिकारी ने अपनी विभागीय कार्यों के विकास, लक्ष्य की प्रगति प्रस्तुत की। कलेक्टर ने जिले के किसानों को कृषि के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने हेतु आधुनिक कृषि औंजारो के साथ तरीके बताए गये जिससे उनकी वार्षिक आय में वृद्धि हो । उपसंचालक कृषि द्वारा जिले में खरीफ फसल के रकवा, विभागीय योजनांतर्गत प्राप्त लक्ष्यों और बीज फसल प्रदर्शन हेतु चयन प्रक्रिया की जानकारी प्रस्तुत की गई और कलेक्टर ने मृदा नमूना एकत्रीकरण शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये। कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिले के किसानों को अच्छे से अच्छा उत्तम बीज उपलब्ध कराये जाये और अपनी देख-रेख में फसल की बुवाई से लेकर कटाई तक फसल की उत्तम उत्पादन की प्रक्रिया की जाये ताकि किसानों को अधिक से अधिक फसल उत्पादन करने का ज्ञान प्राप्त हो सके। साथ ही साथ कलेक्टर ने कहा कि साल में ऐसी फसलों के बीज की बुवाई की जाये जिससे खेत में उर्वरक शक्ति आगामी फसल के लिए प्राप्त हो सके। इससे किसानों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाये।

## शहपुरा नगर परिषद में मस्टर भर्ती घोटाले का खुलासा!

# सीएमओ पर बिना स्वीकृति अवैध भर्ती और भ्रष्टाचार के लगे गंभीर आरोप

डिण्डौरी।

नगर परिषद शहपुरा में मस्टरकर्मियों की अवैध भर्ती का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) श्री अरविंद बोरकर पर बिना शासन की पूर्व स्वीकृति के 10 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की भर्ती करने और उन्हें वेतन आहरण कराने का आरोप लगा है।




इस संबंध में आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल को एक लिखित शिकायत सौंपी गई है, जिसमें कहा गया है कि परिषद की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने का हवाला देकर पहले से कार्यरत मस्टरकर्मियों को कार्य से हटा दिया गया, और उनका 4-5 माह का वेतन भी लंबित रखा गया। इसके बावजूद बाद में नए मस्टरकर्मियों को कथित रूप से रुपये लेकर भर्ती किया गया। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि इन नियुक्तियों में पीआईसी सदस्यों की मिलीभगत सामने आई है, जिन्होंने अपने रिश्तेदारों और वार्ड के युवाओं को नियमों को ताक पर रखकर नौकरी दिलाई। इतना ही नहीं, कुछ मामलों में यह भी सामने आया है कि वेतन भुगतान उन कर्मचारियों के हस्ताक्षरों से कराया गया जो खुद मस्टर में कार्यरत हैं — जो कि नियमों के खिलाफ है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि यदि कोई अधिकारी बिना स्वीकृति किसी कर्मचारी की नियुक्ति करता है और उसे वेतन देता है, तो उसकी पूरी वसूली संबंधित अधिकारी से की जाएगी। बावजूद इसके, सीएमओ श्री बोरकर ने सभी नियमों को दरकिनार कर यह कार्य किया।

सूत्रों की मानें तो नगर परिषद कार्यालय में पहले से कार्यरत कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या मौजूद थी और नई नियुक्तियों की कोई आवश्यकता नहीं थी। आरोप है कि यह पूरा मामला स्थानीय कर्मचारियों और सीएमओ की सांठगांठ का परिणाम है, जिसमें मोटी रकम लेकर भर्ती की गई।

शिकायत की प्रतिलिपि कमिश्नर, जबलपुर संभाग, कलेक्टर डिंडोरी, संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, जबलपुर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा को भेजी गई है। शहपुरा के नगरवासियों ने यह मांग की है कि इस गंभीर मामले की तत्काल जांच कर संबंधित अधिकारी एवं दोषियों पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके।

## सुख-शांति के लिए विद्या ज्योति संस्कार एकेडमी समनापुर में सावन सोमवार को हुआ अखंड रामायण पाठ



डिंडौरी ।

समनापुर विकासखंड के विद्या ज्योति संस्कार एकेडमी स्कूल में सावन माह के पहले सोमवार को अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर धार्मिक माहौल में श्रद्धा और उल्लास के साथ रामायण पाठ किया।

यह आयोजन स्कूल में बीते दो वर्षों से सावन माह में परंपरा के रूप में मनाया जा रहा है। वर्ष 2024 में विद्यालय के प्राचार्य छत्रपाल पाराशर द्वारा इसकी शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों तथा साहित्य के प्रति रुचि और आस्था जगाना है। साथ ही गांव में सुख, शांति और सद्भाव की कामना भी इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

प्राचार्य पाराशर ने बताया कि पूरे सावन माह में हर सोमवार को अखंड रामायण पाठ किया जाएगा। इस आयोजन में शिक्षक और विद्यार्थी समान रूप से भाग लेते हैं। रामायण पाठ के दौरान बच्चे ढोलक, बांसुरी, मंजीरा और ढपली जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ भक्ति गीतों का आनंद लेते हैं, जिससे वातावरण में भक्ति और संस्कार का संचार होता है।

विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की भावना भी विकसित हो रही है। शिक्षकगण बताते हैं कि सावन आते ही बच्चों में रामायण पाठ को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है।



## शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु चयन परीक्षा

### जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

शहपुरा

जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 29 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करते समय OBC, SC, ST वर्ग के छात्र-छात्राओं को अपने नाम से जारी जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

विशेष रूप से OBC वर्ग के लिए केवल केंद्र सरकार (Central Government) द्वारा मान्य OBC सर्टिफिकेट ही मान्य होंगे। राज्य सरकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र अस्वीकार्य माने जाएंगे। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक अपलोड करें और आवेदन पत्र में दी गई सभी जानकारियाँ सही-सही भरें। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क किया जा सकता है।

## अमरकंटक: मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति बनी जन समस्या का कारण

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

अमरकंटक नगर के वार्ड क्रमांक 2 में स्थित मुख्य सड़क की अत्यंत जर्जर स्थिति इन दिनों क्षेत्रवासियों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन चुकी है। यह सड़क न केवल वार्ड क्रमांक 1, 3 और 4 को जोड़ती है, बल्कि नगर को स्टेट हाईवे से भी जोड़ती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस मार्ग की मरम्मत को लेकर कई बार प्रशासन को शिकायत दी गई, परंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा केवल लीपापोती की गई, जिससे पहली ही बारिश में सड़क की परतें उखड़ गईं। इस सड़क से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, बुजुर्ग एवं मरीजों को गुजरना पड़ता है, जिन्हें गड्ढों और कीचड़ से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों से भरी यह सड़क दुर्घटनाओं को भी आमंत्रित कर रही है। यह उल्लेखनीय है कि यह सड़क मिनी स्मार्ट सिटी अमरकंटक योजना के अंतर्गत बनाई गई थी, किंतु समय पर रखरखाव न होने के कारण इसका यह हाल हो गया है। क्षेत्रवासियों की प्रशासन से मांग है कि इस सड़क की मरम्मत शीघ्र एवं गुणवत्ता के साथ कराई जाए, और लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्याओं से बचा जा सके।



## शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने निर्देश

# सामुदायिक विकास निधि के स्वीकृत कार्यों को पूर्ण करें

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में विभागों द्वारा ई- फाईल सिस्टम की समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को ई- फाईल के माध्यम से फाइलें प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस अवसर पर एनटीपीसी गाडरवारा अंतर्गत सामुदायिक विकास निधि मद से स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये, जिससे एनटीपीसी से प्राप्त राशि को विकास कार्यों में व्यय किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती पटले सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रही थी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना जाट, सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



### संबल आवेदनों मे सात दिन में करें निराकरण

समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने संबल पोर्टल अंतर्गत निकायवार अनुग्रह आवेदन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने 7 दिवस के अंदर संबल पोर्टल के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और श्रमिकों के लिए संबल योजना के अंतर्गत लाभांवित करने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आयोजित बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवास सहायता योजना, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के संबंध में भी समीक्षा की।

### बाल श्रम रोकने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में समग्र ई-केवायसी की स्थिति की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों को समग्र ई-केवायसी के प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने को कहा गया। इस अवसर पर खाद्यान्न वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से पात्रता अनुसार खाद्यान्न का वितरण करने को कहा गया। आयोजित बैठक में धरती आबा योजना अंतर्गत जनधन खाता, आधार कार्ड, आयुष्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, उज्जवला योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि धरती आबा योजनांतर्गत हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाए। इस अवसर पर जिला स्तरीय बंधक श्रम समिति की बैठक ली गई। जिसके तहत होटल, ढाबों और विभिन्न निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों में बाल श्रमिक न हो, इस संबंध में मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग क्षेत्र भ्रमण के दौरान बाल श्रमिक न हो, इस संबंध में निरीक्षण करें। उन्होंने इस अवसर पर जिले के श्रमिक और पलायन करने वाले श्रमिकों के संबंध में डाटा तैयार रखने के निर्देश दिये, जिससे श्रमिकों को किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर सम्पर्क किया जा सके।

### वनों की कटाई पर लागाए रोक

कलेक्टर श्रीमती पटले ने इसके बाद जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव के संबंध में समीक्षा की। इस अवसर पर जलवायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, तापमान में वृद्धि, वर्षा की स्थिति में बदलाव, समुद्र के जल स्तर में वृद्धि इत्यादि के बारे में बताया गया। बैठक में खेतों में पलारी- नरवाई न जलाने, कार्यालय या घरों में विद्युत ऊर्जा बचाने तथा सौर ऊर्जा का उपयोग करने, पौधरोपण, रासायनिक खादों का उपयोग एवं अनावश्यक वाहनों को चालू न रखने के संबंध में बताया गया। पर्यावरण संरक्षण के संबंध में वनों की सुरक्षा, वन क्षेत्र को बढ़ाना, वनों की कटाई रोकना, जैविक खाद का उपयोग, आर.ओ. के खराब पानी का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित बैठक में आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का निर्धारित समय में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति की समीक्षा की। क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत कर उन्हें दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

## विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के निर्देशन में एवं एन. सी. सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन पर आपदा प्रबंधन के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के आडीटोरियम हॉल में किया गया जिसमें एच.डी.ई. आफ. के होमगार्ड के जिला कमांडेंट टी. आर. चैहान एवं वीरेन्द्र सूर्यवंशी प्लाटून कमांडेंट द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी जानकारियां महाविद्यालय के नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों को प्रदान की गयी। जिसमें बाढ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य किस प्रकार किया जाता है इसकी पूरी जानकारी प्रदान की गयी। बचाव कार्य घरों में उपलब्ध्ध संशाधनों के आधार पर (जैसे थर्माकोल, पानी की खाली बॉटलें, खाली पीपे आदि) बचाव की जानकारी प्रदान की गयी। सडक दुर्घटना के दौरान किस प्रकार लोगों की मदद की जाती है इसकी विस्तृत जानकारी जैसे सी.आर.पी., फेक्चर, रक्त स्त्राव को रोकना की प्रदान की गयी। घरों में उपयोग किये जाने वाले गैस सिलेण्डर या कोई भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे बिजली के करेंट से बचाव हेतु जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों एवं एन.सी.सी. के छात्रों सहित डॉ. मनीष अग्रवाल, डॉ. जी.एस.मर्सकोले एवं महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## मानव श्रृंखला बनाकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सोमवार को पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों एवं नागरिकों के सहयोग से मानव श्रृंखला एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नशे के विरूद्ध जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुभाष पार्क चैराहे पर स्कूली बच्चों एवं नागरिकों विशेषतः युवाओं, महिलाओं तथा वरिष्ठ जनों की भागीदारी से मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य सामाजिक एकता के माध्यम से नशा विरोधी संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है। नशे से दूरी है जरूरी विशेष अभियान के तहत थाना चीचली अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा स्कूली बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को बताया गया एवं नशे से दूर रहने की समझाईस दी गयी इसी प्रकार थाना पलोहा अंतर्गत नशा मुक्ति पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। अभियान के तहत जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी जागरूकता रैली एवं नुक्कड सभाओं का आयोजन कर जनमानस से नशा मुक्त समाज की दिशा में सशक्त योगदान देने हेतु अपील की गई।



## 168 किलो गांजे के 446 पौधे जप्त, आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने, साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है। थाना स्टेशनगंज पुलिस टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि आरोपी संतोष उर्फ खिल्ला चैधरी आ. रामलाल चैधरी निवासी ग्राम लुरहेटा अपने खेत में अवैध रूप से गांजे के पेड़ लगाए हुए है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा हिकमत अमली के साथ घेराबंदी की गयी जिस पर आरोपी के खेत में 446 गांजे के पौधे कुल बजनी 1 क्विन्टल 68 किलोग्राम जप्त करने में सफलता प्राप्त हुयी। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 599/25 धारा - 8/20 (ए) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक, रत्नाकर हिग्वें, उप निरीक्षक विजय द्विवेदी, प्रधान आर आशीष मिश्रा, वरिष्ठ आरक्षक संजय पांडे, आरक्षक लछमी नागपुरे, आरक्षक नंदकिशोर कुशवाहा, आरक्षक नसीम, सैनिक अवधेश, नगर रक्षा नीलेश पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।



## चढार समाज की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।** विगत दिवस चड़ार समाज की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हाकमसिंह चढ़ार एवं कृपालसिंह करेली रामलाल झामर पूर्व अध्यक्ष राम नारायण पूर्व अध्यक्ष लाखन सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम कि शुरुआत सर्वप्रथम माँ नर्मदा जी के पूजन कर एवं तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित कर सभी विषयों पर चर्चा की समाज नशा मुक्त हो शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषयों पर चर्चा की गई, वहीं नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार के सानिध्य में समिति का विस्तार किया गया है एवं युवा समिति का भी गठन किया गया जिसमें नव निर्वाचित अध्यक्ष अखलेश चड़ार कुकलाह को नियुक्त किया गया अन्य पदों पर भी नियुक्त किए गए विजय उपाध्यक्ष कमता श्याम लाल उपाध्यक्ष दिघारी लक्ष्मण सिंह कोषाध्यक्ष राजेश सचिव नरेंद्र चड़ार वम्हनोदा प्रेमसिंह मंत्री इमलिया दशरथ सह कोशाध्यक्ष मुकेश दिघारी महामंत्री लक्ष्मणसिंह संगठन मंत्री बगलई दिनेश मुराछ प्रचार मंत्री जीवन लाल प्रवक्ता दौलत सिंह शिक्षक शोभाराम मानेगांव मनमोहन दयाल लालजी प्रसाद आखीबाड़ा लखन लालजी मुआर देवीसिंह चूरामन प्रीतमसिंह करकबेल मुन्नालाल लाठगाव सहित स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### मूंग खरीदी केन्द्रों पर ट्रेक्टरों की लगी एक किलोमीटर लंबी कतार



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र के विभिन्न वेयर हाऊसों में मूंग उड़द की समर्थन मूल्य के तहत खरीदी चल रही है। किसान अपनी अपनी मूंग को लेकर संबंधित वेयरहाउस के समीप ट्रेक्टर ट्राली ले जाकर खड़े कर दिए गए हैं।जिनकी काफी लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है। वहीं डोभी के समीप ट्रेक्टरों की लगभग एक किलोमीटर लंबी लाइन लग जाने से ईश्वरपुर तरफ से आने वाले वाहनों को आवागमन में असुविधा होने लगी है।सिंगल सड़क मार्गों पर यह समस्या देखने को मिल रही है। खड़े ट्रेक्टरों के कारण बाजू से निकलने में परेशानी हो रही है।

### श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जगह जगह हुये शिव अभिषेक



**तेंदूखेड़ा ।** भगवान भोलेनाथ की आराधना का पावन पुनीत मास श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जगह-जगह भगवान भोलेनाथ के अभिषेक पूजन अर्चन किये गये। शिवालयों में सुबह से ही अच्छी खासी भीड़ भाड़ देखने को मिली। महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। वहीं जगह जगह अखंड रामायण पाठों का आयोजन किया गया है। रात्रि के समय श्री राम रसिया भक्त मंडल के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ की श्रंखला चलाई जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं।नगर में धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है।

### सड़क दुघर्टना में महिला की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना कोतवाली क्षेत्र मे हुई सड़क दुर्घटना मे महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुषमा पति राजू रजक उम्र 35 वर्ष निवासी घाट पिंडरई थाना स्टेशनगंज टट्टा पुल के पास हुई सड़क दुर्घटना मे घायल हो गई जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शव का मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### युवती को सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के बरहटा निवासी युवती को सर्प ने काट लिया पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रिया केवट पिता बबलू केवट उम्र 19 वर्ष निवासी बरहटा को घर पर काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसे परिजनों द्वार उपचार हेतु जिला चिकित्सलय लाया गया जहां पर युवती का उपचार जारी है।

### युवक ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी के ग्रम सांकल मे युवक द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चंदन पिता रूपसिंह महोबिया उम्र 30 वर्ष निवासी सांकल थाना ठेमी द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## गोंगपा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ का अल्प प्रवास



**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।** विगत दिवस नगर स्थित लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में तिरुमाय शांतिराज कुशराम का अल्प प्रवास गोटेगांव आगमन हुआ जहां स्थानीय पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने श्री कुशराम को नरसिंहपुर जिला प्रभारी बनाएं जाने पर स्वागत बंधन अभिनंदन किया वहीं तिरु शांतिराज ने कार्यकर्ताओं से आगामी पार्टी की रणनीति एवं संगठन पर विस्तार से चर्चा कर दिशा निर्देश देते हुए विस्तृत चर्चाएं की गई साथ ही पार्टी को मजबूती देने पर जोर डाला, इस अवसर पर हाकमसिंह पटेल प्रदेश सचिव गोंगपा संजय भलावी जिला महामंत्री शिवदयाल टेकाम नरेश उइके जिला महासचिव भगवानदास इरकिरे नरेश इनवाती बौछार उइके नर्मदा इनवाती मानक रजत भानु प्रताप परते परमलाल गौरतला सोहन छोटू राकेश कोडोपा भोला ठाकुर संतोष ठाकुर सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे।

## सतीश बने शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मोहद के चर्चित गीतकार सतीश तिवारी सरस को पंजीकृत राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की जिला समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सम्बंधित संस्था के प्रांतीय संगठन मंत्री लखन शब्दाक्षरी की अनुशंसा व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राजीव खरे की सहमति से राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह द्वारा सतीश को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।इस हेतु श्रीतिवारी को उनके इष्ट मित्रों और साहित्यिक साथियों ने हार्दिक बधाई दी है। विदित रहे कि शब्दाक्षर संस्था की देश के 25 राज्यों में समितियाँ, 160 जिला समितियाँ, 104 वहाट्सएप समूह, 32 शब्दाक्षर पेजों में 38000 विभिन्न विधा के साहित्यकार, साहित्य सेवा में संलग्न हैं।

## रासेयो स्वंयसेवकों ने किया वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।** विगत दिवस श्रीनगर महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण ग्राम श्रीनगर श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ दिलीप पाठक के संरक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो एसपी डेहरिया एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रो अंकिता नामदेव के कुशल निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा वृक्ष चिन्हित जगह के आसपास साफ सफाई अभियान चलाया गया तत्पश्चात 10 गड्ढे तैयार किए गए गड़ो में जैविक खाद डाली गई तत्पश्चात गड़ो में बेल आम जामुन के फलदार पौधों का रोपण किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सलाहकार समिति के सदस्य क्रीड़ा अधिकारी प्रो कमल पटेल प्रो विवेक जैन प्रो राहुल नेमा डॉ आशीष ठाकुर एवं स्टाफ से प्रो दिलीप द्विवेदी प्रो छत्रपाल पटेल प्रोअंकित नामदेव प्रोराजा दुबे प्रो इंद्रजीत धनोरिया प्रो अर्चना सोनी प्रो भूपत सेन कार्यालय स्टाफ से सत्येंद्र तिवारी भूपेश सेन चंदन विश्वकर्मा आयुष तिवारी तथा स्वयंसेवकों में सोनिका डेहरवाल संध्या तिवारी खुशबू संतराम चैधरी नितिन यादव वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।




## श्रावण मास के द्वितीय सोमवार सह एकादशी पर्व पर विशिष्टोपचार से श्री सिद्धेश्वर महादेव का दिव्य स्नान अभिषेक वैदिक विद्वानों द्वारा सम्पन्न

**गोटेगांव।** समीप ज्ञात होवेकि धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम पूज्य ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्यजी महाराज की पावन तपोस्थली है। पूज्य द्वारका शारदापीठाधीश्वर जी महाराज का चातुर्मास्य यहाँ पर हो रहा है यह हम सभी का परम सौभाग्य है । प्रति सोमवार महाराजश्री जी भगवान् शिव के मंदिर जाकर विशिष्टोपचार पूजन करते हैं। प्रथम श्रावण सोमवार को पूज्य महाराज श्री जी का आगमन श्री लोधेश्वर मंदिर में हुआ था । बीते दिवस श्रावण मास के द्वितीय सोमवार में पूज्य द्वारकाशारदापीठाधीश्वर महाराजश्री जी ने श्री सिद्धेश्वर महादेव का पूजन अभिषेक किया । यह वही स्थान है जहाँ पर पूज्य ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य जी महाराज ने तपस्या काल में प्रत्यक्ष श्री सिद्धेश्वर भगवान् का साक्षात्कार किया था यहाँ की बड़ी महिमा है।महाराज जी की आज्ञा से शिवलिंग के दर्शन एवं धूनी की 7 बार परिक्रमा कर के अनगिनत भक्तों के संकट दूर हुये हैं ।वर्तमान द्वारकाशारदापीठाधीश्वर महाराजश्री जी ने भी अपने साधनाकाल में गुरुजी की आज्ञा से गुरु-गुफा में निवास कर भगवान् श्री सिद्धेश्वर महादेव की बहुत सेवा की । आज भी ऐसे अनेक भक्त हैं जिनकी अनेक कामनायें चाहे स्वास्थ्य हो या बाहरी बाधा या पुत्रादि संतान की कामना रिद्धि सिद्धि प्राप्त की है। हम सभी लोग भी ऐंसे सिद्ध दिव्य दरबार का लाभ लें और अपने कष्टों से मुक्ति पायें । दिव्य अभिषेक के यजमान श्री सत्यप्रकाश अग्रवाल जी, प्रिय कुमार अग्रवाल जी उपस्थित रहे एवं दिव्य अभिषेक आचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री जी के साथ वैदिक विद्वानों द्वारा सम्पन्न कराया गया पूज्य महाराजश्री जी के साथ में उनके दंडी सन्यासी शिष्य स्वामी राघवानन्द तीर्थ जी, स्वामी दामोदरानन्द जी सहित ब्रह्मचारी जी ध्यानानन्दजी, ब्र.चैतन्य स्वरुपजी, ब्र.विमलानन्द जी उपस्थित रहे । दिव्य अभिषेक के पश्चात भक्तों द्वारा पूज्य महाराजश्री जी का पादुकापूजन सम्पन्न हुआ एवं भगवान् को लगाए हुए भोग प्रसाद का वितरण सभी को किया गया! इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बंधु उपस्थित थे।

